दैनिक
RNI No. MPHIN/2018/77427
सच कहने का साहस
# चम्बल नवराष्ट्र
CHAMBAL NAVRASHTRA
web portal : cnnews.co.in | Email : guptavineet087@gmail.com | Share Events & News 8889307028
वर्ष -6 अंक-222 | भोपाल, मंगलवार 23 जुलाई 2024 | पृष्ठ -8 मूल्य-2.00

# मोदी बोले- संसद दल नहीं, देश के लिए है

## विपक्ष ने पिछले सत्र में प्रधानमंत्री का गला घोंटा, 2.5 घंटे मेरी आवाज दबाने की कोशिश की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में पहला बजट पेश करने से पहले सोमवार को मीडिया को संबोधित किया। मोदी ने बजट सत्र के दौरान सरकार के एजेंडे पर बात की। उन्होंने कहा कि यह बजट अगले पांच साल की दिशा तय करेगा और 2047 में विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा।

ॉमोदी ने जून में सरकार बनने के बाद लोकसभा के पहले सत्र में विपक्ष के हंगामे की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि संसद दल के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए है। 140 करोड़ देशवासियों ने बहुमत के साथ जिस सरकार को चुना, पहले सत्र में उसकी आवाज को




कुचलने का अलोकतांत्रिक प्रयास हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा- विपक्ष ने अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद के समय का इस्तेमाल किया। देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया। ढाई घंटे मेरी आवाज दबाने की कोशिश की। लोकतांत्रिक परंपराओं में ऐसे आचरण का कोई स्थान नहीं हो सकता। इसका कोई पश्चाताप तक नहीं है।

मोदी बोले- आज सावन का पहला सोमवार है। इस पवित्र दिवस पर एक महत्वपूर्ण सत्र की शुरुआत हो रही है। आज संसद का मानसून सत्र आरंभ हो रहा है। देश बहुत बारीकी से देख रहा है कि संसद का यह सत्र सकारात्मक हो, सृजनात्मक हो और देशवासियों के सपनों को सिद्ध करने के लिए एक मजबूत नींव रखने वाला हो। प्रधानमंत्री ने कहा- भारत के लोकतंत्र की जो गौरव यात्रा है, उसमें यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव के तौर पर देख रहा हूं। व्यक्तिगत तौर पर मुझे और साथियों को गर्व का विषय है कि 60 साल बाद कोई सरकार तीसरी बार वापस आई और तीसरी पारी के पहले बजट का सौभाग्य प्राप्त हो। यह भारत की अत्यंत गौरवपूर्ण घटना के तौर पर देश देख रहा है। मोदी ने कहा- मैं देशवासियों को जो गारंटी देता रहा हूं, उन गारंटियों को जमीन पर उतारना इस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। कल हम जो बजट पेश करेंगे, वह अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट है। हमें पांच साल का जो अवसर मिला है, ये बजट हमारे उन पांच साल की दिशा तय करेगा। ये बजट 2047 के विकसित भारत के सपने मजबूत देने वाला होगा। हर देशवासी के लिए बड़े गर्व की बात है कि भारत बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला देश है।

## नूंह में कर्फ्यू जैसे हालात के बीच निकली ब्रजमंडल यात्रा:साधु-संतों के काफिले में मौजूद रही पुलिस गाड़ियां



**नूंह।** हरियाणा के नूंह में पिछले साल हुई हिंसा के बाद सोमवार को फिर पांडवकालीन शिव मंदिरों में कर्फ्यू जैसे हालात के बीच ब्रजमंडल यात्रा निकाली गई। यात्रा का टाइम सुबह 10 बजे का था, लेकिन करीब 3 घंटे की देरी के बाद यात्रा नलहड़ेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के बाद शुरू हुई। इसके बाद पुलिस की गाड़ियों के साथ साधु संतों और श्रद्धालुओं का काफिला फिरोजपुर झिरका के झिरकेश्वर मंदिर और फिर पुन्हाना के सिंगार श्रृंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा। यहां यात्रा संपन्न हुई। इस दौरान कोई उपद्रव की खबर सामने नहीं आई।

### संसद में नीट पर हंगामा:राहुल बोले-

# देश का एग्जामिनेशन सिस्टम फ्रॉड

### शिक्षा मंत्री ने कहा- चिल्लाने से झूठ सच नहीं हो जाता

**नई दिल्ली।** सत्र आज से शुरू हो गया। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान हृश्वश्वज्ञ में हुई गड़बड़ी पर बोल रहे थे। इस दौरान विपक्ष ने हंगामा किया और उनके इस्तीफे की मांग की।

शिक्षा मंत्री बोले- मामला सुप्रीम कोर्ट में है और कोर्ट का जो भी निर्देश होगा हम उसे मानेंगे। कोर्ट ने सभी छात्रों के सिटी और सेंटर वाइज रिजल्ट जारी करने को कहा था, जो पब्लिक डोमेन में है। राहुल गांधी ने कहा- देश को दिख रहा है कि परीक्षा सिस्टम में बहुत सी कमी है। शिक्षा मंत्री ने सबकी कमी गिना दी, लेकिन अपनी नहीं गिनाई। हमारा एग्जाम सिस्टम फ्रॉड है।





इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा- सिर्फ चिल्लाने से झूठ सच नहीं हो जाता। विपक्ष के नेता का यह कहना कि देश की परीक्षा प्रणाली बकवास है, बेहद निंदनीय है। प्रधान ने कहा- 2010 में मनमोहन सिंह सरकार में कपिल सिब्बल शिक्षा सुधार के लिए 3 बिल लाए। उनमें से एक अनियमितता रोकने के लिए था। उसे किसके दबाव में वापस लिया गया।

मानसून सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी सुबह 10ः15 बजे संसद पहुंचे और मीडिया से 21 मिनट बात की। उन्होंने कहा- संसद का मानसून सत्र सावन के पवित्र दिन पर शुरू हो रहा है। मोदी बोले- जून में नई संसद के गठन के बाद देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया गया।

# कांवड़ रूट की दुकानों पर नेमप्लेट जरूरी नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार का फैसला रोका, कहा- भोजन शाकाहारी है या मांसाहारी यह बताएं

**दिल्ली/लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा रूट पर दुकानदारों को अपनी पहचान बताने को लेकर कई राज्य सरकारों के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

कोर्ट ने सोमवार, 22 जुलाई को कहा कि दुकानदारों को पहचान बताने की जरूरत नहीं है। होटल चलाने वाले यह बता सकते हैं कि वह किस तरह का खाना यानी, शाकाहारी या मांसाहारी परोस रहे हैं। लेकिन उन्हें अपना नाम लिखने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल किया है। उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी कर शुक्रवार तक जवाब देने को कहा है।





तीनों राज्यों में कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकान मालिकों को अपना नाम लिखने का आदेश दिया गया था। इसके खिलाफ एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स नाम के NGO ने 20 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

याचिकाकर्ता के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अल्पसंख्यकों की पहचान के जरिए उनका आर्थिक बहिष्कार किया जा रहा है। यह चिंताजनक है। सुप्रीम कोर्ट में मामले पर 26 जुलाई को अगली सुनवाई होगी।

यूपी के बाद 20 जुलाई को उत्तराखंड और मध्य प्रदेश के उज्जैन में भी कांवड़ यात्रा रूट पर आने वाली दुकानों में दुकानदारों का नाम और मोबाइल नंबर लिखना जरूरी कर दिया गया था।

### NEET के विवादित सवाल की जांच के आदेश:सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

# IIT दिल्ली के डायरेक्टर एक्सपर्ट पैनल बनाएं; आज 12 बजे तक रिपोर्ट दें

**नई दिल्ली।** NEET मामले की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने एग्जाम में फिजिक्स के 2 सही ऑप्शन वाले क्वेश्चन नंबर 19 की पड़ताल का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि 2 सही ऑप्शन देने से 44 स्टूडेंट्स को बोनस मार्क्स मिले और 4.2 लाख कैंडिडेट्स को नुकसान हुआ है। इस पर IIT दिल्ली के एक्सपर्ट्स की राय लें।

कोर्ट ने आदेश दिया कि IIT दिल्ली के डायरेक्टर 2 जवाबों वाले सवाल की जांच के लिए एक 3 मेंबर्स की एक्सपर्ट कमेटी बनाएं। एक्सपर्ट टीम उनमें से एक सही ऑप्शन चुनकर मंगलवार, 23 जुलाई को 12 बजे तक रजिस्ट्रार को अपनी राय




भेजें। इसके अलावा, CJI ने याचिकाकर्ताओं से आज यानी सोमवार शाम तक आधे पेज में NEET UG रीटेस्ट के पक्ष में तर्क का रिटन सबमिशन ई-मेल करने को कहा है।NEET गड़बड़ी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में 40 से ज्यादा याचिकाओं पर CJI डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच के सामने सुनवाई खत्म हुई। यह चौथी सुनवाई थी। अगली सुनवाई कल यानी मंगलवार को होगी।

सीनियर एडवोकेट नरेंद्र हुड्डा के साथ संजय हेगड़े, मैथ्यूज नेदुम्परा याचिकाकताओं की ओर से, जबकि सॉलिसिटर जनरल (स्त्र) तुषार मेहता NTA और केन्द्र की ओर से अपना पक्ष रखा।

बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहाः NEET-UG 24 परीक्षा में कैंडिडेट्स को एक सवाल के लिए एक सही ऑप्शनचुनना था। इसके लिए दो सही ऑप्शन सुझाए गए। इस पर IIT दिल्ली के एक्सपर्ट्स की राय लेनी चाहिए। हम IIT दिल्ली के डायरेक्टर से अनुरोध करते हैं कि 3 एक्सपर्ट्स की टीम बनाएं और इस विषय पर रिपोर्ट दें। एक सही ऑप्शन चुनकर 12 बजे तक रजिस्ट्रार को राय भेजें। याचिकाकर्ता के वकील वरिष्ठ एडवोकेट मुक्ता गुप्ताः इस कैंडिडेट को बहुत ज्यादा पसीना आने की समस्या है लेकिन उसे एग्जाम सेंटर में रूमाल ले जाने की परमिशन नहीं थी।

# पूजा खेडकर की मां 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

## किसान को धमकाने और जमीन हड़पने का आरोप; पिता अंतरिम जमानत पर

**नई दिल्ली।** UPSC सिलेक्शन को लेकर विवादों में घिरीं ट्रेनी IAS पूजा खेडकर की मां को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुणे पुलिस ने उन्हें सोमवार को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया था। मनोरमा पर किसानों को पिस्टल से धमकाने और जमीन हड़पने का आरोप है।



सोशल मीडिया पर मनोरमा का 2023 का एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में मनोरमा जमीन को लेकर एक किसान को पिस्टल दिखाकर धमका रही हैं। पुलिस ने 18 जुलाई को उन्हें रायगढ़ के महाड के एक होटल से गिरफ्तार किया था।वे यहां एक लॉज में कैब ड्राइवर के साथ रुकी थीं। उन्होंने ड्राइवर को अपना बेटा बताया था। लॉज में रूम बुक करने के लिए मनोरमा ने फेक आधार कार्ड का इस्तेमाल किया था।इससे पहले 19 जुलाई को इसी मामले में पूजा खेडकर के पिता दिलीप कोंडीबा खेडकर को सेशन कोर्ट ने 25 जुलाई तक अंतरिम जमानत दे दी है।

# अवैध पत्थर खदान के गड्ढों में भरा पानी, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**श्योपुर ( चम्बल नवराष्ट्र )** । जिले के ग्राम अलापुरा में एमपीआरडी सी ठेकेदार द्वारा बनायी जा रही मुंडला से प्रेमसर सड़क निर्माण के लिये अहेली नदी में से पत्थर का खनन हो रहा है। जिसके चलते बहुत बड़े-बडे गड्ढे हो गये जिसमें बरसात के चलते पानी भरा हुआ है। जिसमें कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है अभी कुछ दिन पहले विजयपुर विकास खण्ड में अवैध पत्थर खनन के गड्ढो में भरे पानी से चाचा- भतीजे की जान चली गई पूरे जिले में अवैध पत्थर खनन का कारोबार जोरो से चल रह है जिससे लाखो रुपये अवैध तरीके से कमाई कर रहे है। जिले में वन एवंम प्रर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद भी प्रशासन इस अवैध खनन पर अंकुश नहीं लगा पा रही है







### गांव में सड़क निर्माण के बाद भी ठेकेदार ने नहीं बनाई नाली कुच देर कि बरसात से ही घरो में घुस जाता है पानी

मुंडला से प्रेमसर रोड बनाये जा रहा है। कुछ गाँव मे सड़क निर्माण तो पुरा हो गया पर ठेकेदार द्वारा नाली, निर्माण करना भुल गया जिसका खामियाजा ग्रामिणों को भुगतना पड़ रहा है। जिसके चलते कही घरो में पानी भर जाता है जिसका आरोप ग्रामिणों ने ठेकेदार पर लगाया है की अगर सड़क के दोनों तरफ नाली बन जाती तो समस्या का समाधान हो जाता जब ग्रामीण सरपंच सचिव से बोलते है तो सरपंच सचिव बोलते की ये काम सड़क ठेकेदार का है अब ग्रामीणों की समस्या का समाधान कैसे होगा

### सीसी सड़क निर्माण कार्य मे क्रेशर की रेता का हो रहा है उपयोग

क्रेशर की घुट्टी से बनाई जा रही रेता का उपयोग सीसी सड़क निर्माण कार्य में रहा है। जिसमे रेत की जगह जो पत्थर की रेत बनाई जा रही है उसका उपयोग सीसी सडक निर्माण कार्य में किया जा रहा है जिससे जो सीसी सड़क बनाई जा रही है वह कुछ दिन में ही उखड़ जाएगी सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार ना तो ग्राम पंचायत की कोई भी परमिशन नही है न तो ग्राम पंचायत का ठहराव प्रस्ताव है ओर न ही इसको कोई जानकारी ग्राम पचांयत के पास है

इस संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच,सचिव ने कहा कि हमने ग्राम पंचायत से कोई ठहराव प्रस्ताव नही दिया है हमने उसने ग्राम पंचायत की रशीद कटवाने की बात बोली थी जिससे ग्राम पंचायत में विकाश का कार्य करवा सके पर ठेकेदार ने कोई जवाब नही दिया

# 15 गांव के ग्रामीणों ने लगाया ओछापुरा कस्बे क्षेत्र मुरैना श्योपुर हाईवे पर जाम , क्षेत्र में लंबे समय से चल रही बिजली की समस्या

### कैबिनेट मंत्री के पहुंचने के वाद माने ग्रामीण

दिलीप कुशवाह

**विजयपुर( चम्बल नवराष्ट )** ।विजयपुर क्षेत्र सहित अन्य गांवों में पिछले करीब 15 दिनों से बिजली की समस्या से जूझ रहे ओछापुरा इलाके के 15 के करीब गांवों के ग्रामीणों का गुस्सा सोंमवार को फूट पड़ा और उन्होंने मुरैना-श्योपुर मुख्य मार्ग पर ओछापुरा थाना कस्बे के पास चक्का जाम लगा दिया, यह जाम करीब 7 घंटे तक लगा रहा, शाम करीब पौने 5 बजे मंत्री रामनिवास रावत ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या सुनी और बिजली कंपनी के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर उन्हें समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए हैं। बताया गया है कि, ओछापुरा, मोरेका, खाड़ी, खूटका, सिरौनी, जहानगढ़, घमलोकी, गोलीपुरा, भैरोपुरा, डोकरका, कुशवानी, कोटका सहित 15 करीब गांवों में पिछले करीब 15 दिनों से बिजली की भारी समस्या आ रही है, ग्रामीणों का आरोप है कि, कम वोल्टेज के साथ बहुत कम समय के लिए बिजली आती है, इससे पानी की बोरिंग भी नहीं चल पा रही हैं, इससे पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने मांग की है कि, इन गांवों की बिजली लाइन को रघुनाथपुर की आ?वादी बिजली लाइन से जोड़ा जाए ताकि, बिजली की समस्या से निजात मिल सके। मंत्री रामनिवास रावत के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने 5 बजकर 20 मिनिट पर चक्का जाम हटा दिया। वही मंत्री रामनिवास रावत ने रघुनाथपुर में नवनिर्मित 132 केव्ही विद्युत सब स्टेशन पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया एवम संबंधित विद्युत अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।



# स्वर्ग के लिए तय करना पड़ता है नर्क जैसा रास्ता, कई बार अर्थियां गिरने से बचीं, शव की तरह सोया निगम

**मुरैना ( चम्बल नवराष्ट )।** जिले से शासन और प्रशासन के विकास के दावों की पोल खोलती हुई तस्वीर सामने आई है। यहां पर मुक्तिधाम में जाने के लिए रास्ता तक नहीं है। किसी की मौत हो जाने पर परिजन को दोहरी परेशानी झेलनी पड़ती है। मुक्तिधाम पहुंचने से पहले 200 मीटर का रास्ता किसी नर्क से कम नहीं है। कीचड़ भरे रास्ते से अर्थी ले जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जो शासन-प्रशासन की पोल खोलने के लिए काफी है।



### मरने के बाद भी मुसीबत

मामला मुरैना नगर निगम के बड़ोखर स्थित मुक्तिधाम का है। यहां पर मुक्तिधाम में शव ले जाने के लिए रास्ता तक नहीं है। मुक्तिधाम पहुंचने से 200 मीटर पहले का रास्ता कच्चा है जो कई सालों से ऐसे ही है। बारिश के सीजन में रास्ते पर कीचड़ हो जाता है जिससे आस पास के गांव वालों को शव ले जाते समय काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुक्तिधाम के आसपास घनी आबादी है जिससे जल निकासी की समस्या है। बरसात का पानी रास्ते पर ही जमा हो जाता है जिससे पूरा रास्ता कीचड़ से भर जाता है।

### नगर निगम नहीं दे रहा है ध्यान

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें ग्रामीण इसी कीचड़ भरे रास्ते से मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए शव ले जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि, रास्ते में कीचड़ होने की वजह से कई बार अर्थी ले जा रहे लोगों के पैर स्लीप हो जाते हैं। कई बार तो अर्थी गिरते गिरते बची है। सोचने की बड़ी बात तो यह है कि यह हिस्सा नगर निगम के अंदर आता है। नगर निगम के अधिकारियों ने अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। इस मामले पर नगर निगम के कमिश्नर देवेन्द्र चौहान ने मीडिया को बताया कि, अभी तक मामले के बारे में किसी ने शिकायत नहीं की है। आपके द्वारा यह बात संज्ञान में आई है। जल्द ही इस रास्ते को पक्का बनाया जाएगा।

# मलेरिया न्यूमोनिया जैसी गम्भीर बीमारियों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

### आशाओं ने सीखा -मलेरिया न्यूमोनिया एवम् दस्त का प्रबंधन . आशाओं का द्वितीय चरण के पांच दिवसीय बैच का हुआ समापन





**श्योपुर ( चम्बल नवराष्ट )** । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा प्रायोजित जिला स्वास्थ्य समीति श्योपुर के सहयोग से मध्यप्रदेश विज्ञान सभा द्वारा आशा प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में 18 जुलाई से 22 जुलाई 2024 तक पांच दिवसीय द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण पूर्णत: आवासीय रहा। प्रशिक्षण मे जिला प्रशिक्षक बीरेन्द्र कुमार पाराशर विवेक कुमार शर्मा योगेन्द्र पाराशर द्वारा आशाओं को कुपोषण न्यूमोनिया मलेरिया दस्त प्रबंधन महत्वपूर्ण बिषयों पर शैड्यूल के अनुसार माड्यूल के आधार पर प्रशिक्षण दिया गया। आज प्रशिक्षण के समापन सत्र मे समाजसेवी विशाल दुवे द्वारा बिशेष रूप उपस्थित होकर आशाओं को अपने कार्य क्षेत्र मे स्वास्थ्य सुविधाओं को हर घर हर व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु अपनी बात कही। साथ ही श्री दुवे द्वारा मौसमी बीमारियों से लोगों को बचाने हेतु स्वच्छता पर काम करने के लिए अपने अनुभव के आधार पर सुझाव दिये गये। समापन के अवसर सभी आशा प्रतिभागियों को जिला प्रशिक्षण प्रभारी आशीष पारे द्वारा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। प्रशिक्षण मे प्रशिक्षण सहयोगी रूचि का सराहनीय सहयोग रहा।

# चंदेरी के मेला ग्राउंड में दो पक्षों में हुआ विवाद, पुलिस ने कवरेज करने गए पत्रकार को माना संदेही

आनंद लिटोरिया

**चंदेरी (चम्बल नवराष्ट)** चंदेरी थाना क्षेत्र के मेला ग्राउंड में चल रहे कृषि एवं पशु मेले में बीती 17 मार्च 2024 को दो पक्षों में विवाद हो गया था विवाद की खबर मीडिया को लगते ही पत्रकार आविद हाशमी उक्त स्थान पर घटना की कवरेज करने पहुंचे और उक्त घटनाक्रम का कवरेज किया। उक्त घटना क्रम में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर कई नामजद और अज्ञात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया गया था। लेकिन पुलिस ने इस प्रकरण में घटना की कवरेज करने गए पत्रकार आविद हाशमी को संदेही आरोपी मान रही है। इस मामले की जैसे ही पत्रकार संघ को खबर लगी तो सभी एकत्रित होकर चंदेरी एसडीओपी शैलेंद्र शर्मा के



समक्ष पहुंचे और उन्हें आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की। इस दौरान पत्रकारों ने पुलिस को बताया की मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होता है ऐसे में अगर कवरेज करने गए पत्रकार को ही आरोपी बनाया जाए तो यह न्याय संगत नहीं नहीं है। इस मामले में एसडीओपी शैलेंद्र शर्मा ने सभी पत्रकारों से कहा की मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी किसी के ऊपर गलत कार्यवाही नहीं होगी, अभी मामले की विवेचना चल रही है।

# हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनेगी स्वाधीनता की 77वीं वर्षगाँठ

## कलेक्टर ने की मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा

**ग्वालियर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** भारतीय स्वाधीनता की 77वीं वर्षगांठ जिले में हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमामय ढंग से मनाई जायेगी। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर जिले का मुख्य समारोह यहाँ कम्पू स्थित एस.ए.एफ. ग्राउण्ड पर आयोजित होगा। इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों, कारगिल शहीदों की वीर नारियों एवं लोकतंत्र सैनानियों को भी सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी।



कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही मुख्य समारोह के लिये अधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी। अधिकारियों से कहा गया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सभी कार्यक्रम पूरी गरिमा के साथ आयोजित हों। कलेक्टर ने कहा कि वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र सेनानी व कारगिल शहीदों के वरिष्ठ परिजनों को सम्मानपूर्वक कार्यक्रम स्थल तक लाने के लिये वाहन की व्यवस्था भी की जाए। मुख्य समारोह में निकलने वाली संयुक्त परेड में बीएसएफ, सीआरपीएफ, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी व स्काउट गाइड इत्यादि के साथ शौर्या दल की टुकड़ियाँ शामिल होंगीं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत होना चाहिये।

उन्होंने कहा मुख्य समारोह के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन जल्द से जल्द कर लिया जाए, ताकि स्कूली बच्चे बेहतर ढंग से तैयारी कर सकें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विषय वस्तु और गानों इत्यादि का चयन समिति बेहतर ढंग से परीक्षण कर यह सुनिश्चित करे कि कार्यक्रम गरिमा के अनुरूप हों। जिले के मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों के साथ-साथ पर्यावरण, स्वच्छता, चिकित्सा, समाज कल्याण इत्यादि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मनित किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बैठक में विभागीय अधिकारियों से कहा कि उन्हीं शासकीय सेवकों के नाम प्रस्तातिव किए जाएँ, जिनके द्वारा अति उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की गई है। उपलब्धि का ब्यौरा सहित शासकीय सेवकों के नाम 10 अगस्त तक कलेक्ट्रेट भेजने के निर्देश बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार व टीएन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सियाज के. एम. सहित अन्य

# एफ पी ए आई ग्वालियर ब्रांच द्वारा युवा संगोष्ठी कर स्थापना दिवस के कार्यक्रमों का शुभारम्भ

**ग्वालियर( चम्बल नवराष्ट्र )।** फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ग्वालियर ब्रांच द्वारा 75 वे स्थापना दिवस पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती शशि बिसेन बिसेन जी के मार्गदर्शन में मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर 75वें स्थापना दिवस का शुभारंभ किया गया उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया था आज के इस कार्यक्रम की थीम है सभी एक समान इस उद्देश्य को लेकर सभी को एक समान दृष्टि से देखा जाना चाहिए और सब एफ पी ए आई के लिए एक समान है। संस्था के बी एस सी सदस्य भूपेंद्र सिंह तोमर ने अपने उद्बोधन में बताया कि एफ पी ए आई 75 वर्षों से लगातार मानव सेवा कर रहा है संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित ने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्तिकरण बनाना कार्यक्रम का संचालन संस्था के कार्यक्रम अधिकारी ऑफिसर अच्छेद्र सिंह कुशवाहा ने किया। और उन्होंने अपने उद्बोधन में 75 वर्ष में किए जाने वाले कामों के बारे में जानकारी दी और बताया कि 75 में वर्ष में संस्था और अधिक महिलाओं के लिए यौन प्रजनन पर काम कर रहा है पैरामेडिकल की छात्रा शिवानी राठौर ने स्वास्थ्य सेवाओं पर जानकारी दी ।




# यूथ हॉस्टल्स ने पचमढ़ी में आयोजित किया एडवेंचर फैमली केम्प




**ग्वालियर( चम्बल नवराष्ट्र )।** मध्य प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी के लिए यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ग्वालियर के 34 सदस्यों हेतु फैमिली एडवेंचर कार्यक्रम आयोजित किया।

संस्था के सचिव और प्रदेश उपाध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में पचमढ़ी के पर्यटन स्थलों जैसे बी फाल, पांडव गुफाएं, धूपगढ़, महादेव मंदिर, जटाशंकर, सूर्य नमस्कार पार्क एवं राजेंद्र गिरी सन सेट प्वाइंट पर भी गये। एडवेंचर एक्टिविटी के तहत सदस्यों ने जिपलाइन, वैली क्रॉसिंग, पैराग्लाइडिंग, हॉर्स राइडिंग, बोटिंग आदि गतिविधियों में भाग लिया। पचमढ़ी में सभी सदस्यों ने 2.5 कि मी का जटाशंकर महादेव ट्रैक और 150 मीटर ऊंचाई से गिरते हुए बी वाटर फाल हेतु 450 सीढियां तय कीं। सूर्य नमस्कार पार्क में सदस्यों ने योग मुद्राएं कीं। मध्यप्रदेश की सबसे ऊंची चोटी धूपगढ़ पर सभी ने सूर्यास्त के दृश्य का आनंद लिया। इस केम्प में सबसे कम 9 वर्ष के बालक व 76 वर्षीय सीनियर सिटीजन ने भाग ही नही लिया, एडवेंचर एक्टिविटी का भी आनंद उठाया। कार्यक्रम के संयोजक गौरव सिंघल और उपसंयोजक केसी अग्रवाल रहे।

# लोकमान्य बाल गंगाधर राव तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद जी की जयंती आज



**ग्वालियर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** आजादी के आंदोलन के प्रेरणा स्त्रोत लोकमान्य बाल गंगाधर राव तिलक की 167वीं एवं अमर शहीद चंन्द्रशेखर आजाद जी की 117वीं जयंती के अवसर पर आज 23 जुलाई को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रात: 9 बजे मुरार बारादरी चौराहा पर अमर शहीद चंन्द्रशेखर आजाद जी को एवं प्रात: 10 बजे चिड़ियाघर के बाहर स्थित लोकमान्य बालगंगाधर तिलक जी माल्यपर्ण कर नमन किया जाएगा।

# गुरुपूर्णिमा पर गुरु पूजन एवं छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

**ग्वालियर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** गुरुपूर्णिमा के शुभ अवसर पर केदारपुर स्थित बनवासी छात्रावास में भव्य गुरु पूजन एवं छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रांतपाल एवं असिस्टेंट प्रांत पाल एस .के .जैन साहब ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई।



लायन सुनील गोयल एवं ऐस के जैन जी एवं अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्ष रेनू जैन ने आए हुए मुख्य अतिथि एवं सभी लायन साथियों और बच्चों का स्वागत बंधन किया इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा, गुरुपूर्णिमा का दिन हमारे गुरुओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर है। गुरुओं का मार्गदर्शन ही हमारे जीवन में सफलता का पथ प्रशस्त करता है।

बनवासी छात्रावास के प्राचार्य गब्बर सिंह अध्यक्ष जगदीश शर्माजी एवं मंत्र छाया के सचिव मित्तल् का शाल श्री फल ओर मोमेंटो द्वारा सम्मान किया गया साथ ही सभी 25 बालकों का जिसमें 15 बच्चे जो 6से12 क्लास मे उच्च श्रेणी में उत्तीर्ण हुए एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में मेडल जीत के आने वाले बालकों का मोमेंटो और मेडल द्वारा सम्मान किया गया इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व रीजन चेयरपर्सन ला, एस.के. गुप्ता ने किया नॉर्थ क्लब की अध्यक्ष एडवोकेट रेनू जैन ने समय-समय पर छात्रावास में रहने वाले बालकों को जरूरत अनुसार सहयोग करने का वादा किया इस कार्यक्रम में सचिन नालनी सारस्वत ने आए हुए सभी अतिथियों एवं लायन साथियों का आभार व्यक्त किया शरद सारस्वत अंजू भदोरिया आशुतोष गुप्ता कल्पना नंदवानी की उपस्थित गरिमामय रही कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह के अंत में सभी ने मिलकर गुरुओं को नमन करते हुए उनके योगदान को सराहा और भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का संकल्प लिये।

# अग्निवीर भर्ती स्थल पर सभी व्यवस्थायें पुख्ता हों: कलेक्टर

## ग्वालियर में एक अगस्त की मध्यरात्रि से 12 अगस्त तक होगी अग्निवीर भर्ती रैली

**ग्वालियर।** ग्वालियर में होने जा रही अग्निवीर भर्ती रैली को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुख्ता तैयारियां की जा रही हैं। ग्वालियर के अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केन्द्र में एक अगस्त की मध्यरात्रि से 12 अगस्त तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित होगी। इस सिलसिले में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को हुई जिला प्रशासन, नगर निगम एवं अग्निवीर भर्ती से जुड़े सेना के अधिकारियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने बेरीकेटिंग व टेंट सहित सभी व्यवस्थायें 30 जुलाई तक मुकम्म्ल करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि भर्ती स्थल पर पर्याप्त संख्या में पेयजल प्वॉइंट व अस्थायी शौचालय स्थापित करें। साथ ही प्रवेश व निकास द्वार, भर्ती स्थल तक पहुँचने और वापस होने के सभी मार्गों पर पुख्ता बेरीकेटिंग की जाए। उन्होंने भर्ती स्थल पर एम्बूलेंस व मेडीकल टीम तैनात करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि अभ्यर्थियों के साथ आने वाले परिजनों के लिये भी अलग से टेंट लगवाए जाएं। दुपहिया व चार पहिया वाहनों के लिये पार्किंग स्थल निर्धारित करने के लिये भी उन्होंने कहा। निदेशक आर्मी भर्ती कार्यालय मुरार कर्नल पंकज कुमार ने बैठक में जानकारी दी कि लिखित परीक्षा में सफल हो चुके लगभग 9 हजार 500 अभ्यर्थी अग्निवीर भर्ती रैली में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि एक अगस्त की रात 2 बजे से अभ्यर्थियों की दौड़ शुरू हो जायेगी। भर्ती रैली 12 अगस्त तक चलेगी। हर दिन औसतन 1100 से 1200 अभ्यर्थी भाग लेंगे। सभी अभ्यर्थियों के आधारकार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, ड्रायविंग लायसेंस व शैक्षणिक योग्यताओं के प्रमाण-पत्रों की बारीकी से जांच की जायेगी। इसके लिए पर्याप्त संख्या में काउण्टर बनाए जायेंगे।

# एक पेड़ मां के नाम का पौधा किया रोपण





**ग्वालियर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को बेला की बावड़ी पर जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी एवं जिला मंत्री एवं पूर्व पार्षद धर्मेंद्र से कुशवाहा ने एक पेड़ मां के नाम का पौधा रोपण किया

## संपादकीय

# कांवड़ यात्रा विवाद

सावन के माह में शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा का लंबा पौराणिक इतिहास रहा है। आस्था के साथ इसका सांप्रदायिक सौहार्द का पक्ष भी सबल रहा है। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार के एक हालिया आदेश से एक अनावश्यक विवाद को बल मिला है। दरअसल, प्रदेश सरकार ने आदेश दिया है कि कांवड़ मार्गों पर सभी खाद्य व पेय पदार्थों की दुकानों तथा होटलों के संचालकों व मालिकों को अपना नाम व पहचान प्रदर्शित करनी होगी। दलील दी गई है कि कांवड़धारियों की आस्था की पवित्रता को बनाये रखने तथा कांवड़ियों की शांतिपूर्ण आवाजाही सुनिश्चित करने के लिये आधिकारिक तौर पर यह कदम उठाया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हलाल-प्रमाणित उत्पाद बेचने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए विपक्षी दलों के नेताओं व अन्य संप्रदायों के लोगों ने आदेश को अल्पसंख्यकों को अलग-थलग करने की कोशिश बताया है। दरअसल, एक पखवाड़े से अधिक समय तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों और दुकानदारों के बीच अक्सर हिंसा देखने में आती रही है। जिसकी मुख्य वजह यह रही है कि कांवड़ियों और दुकानदारों के बीच मांसाहारी भोजन को लेकर बहस व विवाद होता रहा है। यही वजह है कि अगस्त, 2018 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान भड़की हिंसा व टकराव में निजी व सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं को सुप्रीम कोर्ट ने गंभीरता से लिया था। इतना ही नहीं, वर्ष 2022 में हरिद्वार में हरियाणा के कांवड़ियों के साथ हुए विवाद में सेना के एक जवान की कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। निस्संदेह, कांवड़ यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार के टकरावों से बचने के लिये राज्य सरकारों का दायित्व बनता है कि यात्रा मार्ग पर पर्याप्त संख्या पर पुलिसकर्मियों को तैनात करे। ताकि किसी भी प्रकार की हिंसा व गड़बड़ी को टाला जा सके। लेकिन एक बात तय है कि अल्पसंख्यकों द्वारा संचालित दुकानों को चिन्हित करने से न केवल सांप्रदायिक अलगाव को बढ़ावा मिलेगा, इस बात की भी कोई गारंटी नहीं है कि इससे कांवड़ियों व राहगीरों के बीच कोई टकराव नहीं होगा। दूसरी ओर केंद्र में सत्तारूढ़ राजग सरकार में शामिल भाजपा के दो सहयोगियों जनता दल यूनाइटेड तथा लोक जनशक्ति पार्टी ने भी यूपी सरकार के इस आदेश की आलोचना की है। वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस आदेश को असंवैधानिक बताया है। यह साफ है कि उत्तर प्रदेश में हाल के लोकसभा चुनावों में ध्रुवीकरण की रणनीति भाजपा के लिये लाभदायक साबित नहीं हुई थी। लेकिन पार्टी राज्य में होने वाले विधानसभा उपचुनाव से पहले इसे फिर आजमाने के प्रलोभन से बच नहीं पायी है। दरअसल, चुनावी उलटफेर के बाद अपेक्षित चुनाव परिणाम हासिल न कर पाने वाली भाजपा अपने निराश बहुसंख्यक मतदाताओं को फिर अपने पाले में करने के लिये लालायित नजर आ रही है। लेकिन राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि यह चाल भाजपा के लिए उलटी भी पड़ सकती है।

# समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले विकास का लाभ

सुरेश सेठ



तीसरी पारी शुरू होते ही नई सरकार कह रही है कि देश में जितना आर्थिक विकास उनके शासनकाल में हुआ, उतना उनकी पूर्ववर्ती सरकारों ने नहीं किया। अब देश को नई पहचान देने का प्रयास हो रहा है। मोदी शासन का पहला आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत होने से पहले देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों की राय ली जा रही है ताकि ये आर्थिक लाभ कतार में खड़े आखिरी आदमी तक पहुंच सके। अर्थशास्त्रियों से यह राय ली जा रही है कि देश में गरीबी कैसे कम होगी। अमीर-गरीब का भेद कैसे कम होगा। देश की पिछड़ती हुई कृषि में नई जान कैसे डाली जाएगी।

कृषि आज भी देश का महत्वपूर्ण व्यवसाय है और इस क्षेत्र में आबादी का 50 प्रतिशत संलग्न है। प्रश्न यह है कि कृषि का योगदान सकल घरेलू आय में क्यों घटता जा रहा है? वर्तमान में, यह सकल आय के आधे हिस्से से घटकर केवल 15 प्रतिशत का रह गया है। छोटे किसान निराशा, बदहाली और पिछड़ेपन के गर्त में हैं। गरीबी को दूर करने के लिए सिर्फ परिभाषाएं बदलना पर्याप्त नहीं है। यह आवश्यक है कि जनता के जीवन स्तर में सुधार हो और उनकी मूलभूत जरूरतें पूरी हों।मोदी सरकार अपनी तीसरी पारी का पहला बजट संसद में पेश करने जा रही है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का यह सातवां बजट है। हालांकि, नई राह पर चलने का दावा करने वाले आर्थिक विशेषज्ञों के सामने अभी कई प्रश्न हैं, जिन पर विचार करना आवश्यक है। यदि सरकार अपने पहले कदमों के रूप में इनकी घोषणा कर सके तो बेहतर होगा।

एक समतावादी समाज की स्थापना संविधान का महत्वपूर्ण लक्ष्य रहा है, लेकिन जब निजी क्षेत्र को प्राधान्य मिलने लगा, तो निजी और सार्वजनिक भागीदारी के नाम पर धन का असमान वितरण और बढ़ गया। गरीब और गरीब होते गए, जबकि अमीरों की आर्थिक सामर्थ्य लगातार बढ़ती रही।

यह कैसा विरोधाभास है जबकि दुनिया में भारत आर्थिक ताकत के रूप में मजबूत होता जा रहा है और यहां करोड़ों गरीब बदहाल हैं। अनियमित रोजगार है। बेरोजगार युवा स्थायी रोजगार न मिलने के कारण विदेशों की ओर पलायन कर रहा है या नशे की गर्त में डूब रहा है। इस समय सरकार के सामने सवाल यह है कि मध्यम और कमजोर वर्ग को कैसे राहत दी जाए? इस समय जो विकास हो रहा है, वह मुख्यतः निवेशकों के प्रयासों से है। यह विकास निजी क्षेत्र के डिजिटल, रोबोट युग के आगमन और कृत्रिम मेधा के कारण है। इसके बावजूद, देश के आम आदमी की बेरोजगारी की समस्या हल नहीं हो रही है।

आंकड़े बताते हैं कि शहरों की तुलना में गांवों में बेरोजगारी बढ़ने लगी है। इसका कारण यह है कि हमने फसलें उगाने के बाद अपने खाद्य पदार्थों को फिनिश प्रोसैसिंग में नहीं डाला, जैसा कि सभी प्रगतिशील देश इस समय कर रहे हैं। अगर यह प्रसंस्करण उद्योग लघु और कुटीर उद्योगों के रूप में गांवों के आसपास स्थापित हो जाते, तो आज किसानों में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या पैदा न होती। वैसे लघु और कुटीर उद्योगों का प्रशस्तिगायन हर बजट में किया जाता है। मोदी सरकार की तीसरी पारी के इस पहले बजट में भी इसकी प्रशंसा की जा रही है, लेकिन वास्तविकता में इसका प्रभाव कहीं नजर नहीं आ रहा है। लघु और कुटीर उद्योगों में रोजगार देने की बहुत क्षमता है। हालांकि, न तो छोटे उद्यमियों, छोटे निवेशकों, या नौजवानों ने इस दिशा में ध्यान दिया है। इसके विपरीत, हाल के दिनों में लाल डोरा क्षेत्र, जहां ये उद्योग विकसित किए जा सकते थे, वहां संपन्न निवेशकों को भी निवेश करने की इजाजत दे दी गई। किसानों की आय दोगुनी करने के वादे के बाद भी किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य नहीं मिल रहा है। उनकी फसलों के लिए नियमित न्यूनतम समर्थन मूल्य एक कानूनी अनिवार्यता के रूप में सामने नहीं आ रहा है।

इस समय महंगाई का बड़ा कारण पेट्रोल और डीजल की कीमतें हैं। इनकी कीमतों को जीएसटी के तहत लाने की मांग की जा रही है। जबकि पेट्रोलियम कम्पनियों को भारी लाभ होने के बावजूद कीमतें घटाई नहीं जा रही हैं। इस समय देश की जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात किया जाता है जो देश की विनिमय दरों और रुपये के मूल्य को निरंतर घटाता है। आयात महंगे हो जाते हैं और निर्यात सस्ते। जाहिर है कि महंगाई के कारण रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति में भी यथास्थितिवाद का बोलबाला है। रेपो रेट में पिछली सात-आठ घोषणाओं में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। जब तक ब्याज दर कम न होगी, नए निवेश को प्रोत्साहन कैसे मिलेगा? सरकार को अपनी तीसरी पारी शुरू करते हुए इन समस्याओं पर गंभीरता से विचार करना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा है कि आर्थिक विकास की उपलब्धियां केवल कागजी न रहकर, जमीनी स्तर पर लागू हों और समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकें।

# बाबा विश्वनाथ धाम देवपर में लगी भक्तों की कतार









प्रदीप कुमार प्रजापति
7000536382

विदिशा (चम्बल नवराष्ट्र)। हिंदू धर्म के पवित्र मास सावन की शुरुआत आज से हो चुकी है। ये मास 19 अगस्त तक रहेगा। इस बार सावन महीना सर्वार्थ सिद्धि योग के शुभ संयोग में शुरू हुआ है । साथ ही सोमवार से सावन महीना शुरू हुआ और सोमवार पर ही समाप्त होगा। इस बार सावन में 5 सोमवार रहेंगे।

सावन का महीना भगवान शिवजी का प्रिय महीना है और इस पूरे महीने भगवान शिवजी की पूजा-अराधना की जाती है और व्रत रखे जाते हैं।

शास्त्रों के अनुसार दक्ष पुत्री माता सती ने अपने जीवन को त्याग किया।फिर इसके बाद उनका जन्म हिमालय राज के घर माता पार्वती के रूप में हुआ। माता पार्वती ने भोलेनाथ को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए सावन में कठोर तप किए,इसके बाद भगवान शिव माता पार्वती से प्रसन्न हुए और पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया। एक मान्यता यह भी है कि सावन में भगवान शिव कैलाश छोड़कर धरती पर निवास करते हैं।



वही,आज क्षेत्र के सबसे सिद्ध और प्राचीन मंदिर विश्वनाथ धाम देवपुर सहित अन्य मंदिरों में भगवान शंकर के दर्शन करने के लिए भारी-भीड़ लगी रही। सावन मास का प्रथम सोमवार होने के कारण श्रद्धालु शिवालयों में जलाभिषेक करने के साथ दर्शन-पूजन किया। सुबह से लेकर शाम तक मंदिरों में आयोजन चलता रहा। भीड़ को देख पुलिस-प्रशासन की ओर से भी मंदिरों में सुरक्षा के इंतजाम किए गए। इसके अलावा देवपुर में विशाल मेला लगा हुआ है जिसका श्रद्धालु खूब आनंद ले रहे हैं।

### सावन के 5 सोमवार

1- सावन का पहला सोमवार - 22 जुलाई।
2- सावन का दूसरा सोमवार - 29 जुलाई।
3- सावन का तीसरा सोमवार - 5 अगस्त।
4- सावन का चौथा सोमवार - 12 अगस्त।
5- सावन का पांचवा सोमवार -19 अगस्त।

# लंबित आवेदनों का निराकरण अधिकारी प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

## समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** शासन द्वारा प्राप्त होने वाले समय सीमा के आवेदनों का निराकरण विभागीय अधिकारी प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित करें। साथ ही आयोगों से प्राप्त होने,वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त होने वाले समय सीमा के पत्रों का जबाव समय पर भेजा जाए। यह निर्देश कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।



बैठक में कलेक्टर श्री द्विवेदी ने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत विभागों में लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देकर निराकरण की कार्यवाही की जाकर ग्रेडिग में सुधार लाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि 50 दिवस से अधिक समय की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही कर तत्परता के साथ निराकरण किया जाए। साथ ही उन्होंने स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत शालाओं में प्रवेशित बच्चों की मेपिंग शत प्रतिशत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले में पूर्ण हुई नल जल योजनाओं के संचालन के लिए स्व सहायता को नियुक्त करने के निर्देश समस्त एसडीएम एवं सीईओ जनपद पंचायतों को दिए।

### विद्युत के अभाव में बंद न हों नल जल योजनाएं-

कलेक्टर ने कहा कि विद्युत के अभाव में कोई भी नल जल योजना बंद न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नियमित अभियान संचालित किया जाए। इस कार्य में सभी जनपद पंचायत सीईओ,बीएमओ एवं सीएचओं द्वारा संबंधितों को लक्ष्य प्रदान कर निरंतर मॉनीटरिंग की जाए। उन्होंने आगामी 27 जुलाई को आयोजित होने वाली दिशा बैठक के संबंध में विभागों द्वारा आवश्यक जानकारी की पीपीटी तैयार किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली दिशा की बैठक में सभी अधिकारी पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने उच्च न्यायालय में लंबित विभागीय प्रकरणों के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में सीएम राईज स्कूलों के भूमि आवंटन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों को गिराये जाने की स्वीकृति प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों के सत्यापन किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि आवासों की गुणवत्ता बेहतर हो यह सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने विश्वकर्मा योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलायें जाने हेतु प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को दिए। उन्होंने स्वरोजगार सृजन कार्य की समीक्षा करते हुए उद्यानिकी विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

# चंदेरी थाना क्षेत्र के पांडरी गांव में सिलेंडर में हुआ ब्लास्ट, एक व्यक्ति झुलसा



**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के पांडरी गांव में सोमवार को एक घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई, जिससे सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। जोरदार धमाके के बीच लगी आग में घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। घर भी जगह-जगह से दरक गया। आग बुझाने के दौरान एक व्यक्ति के झुलसने की भी खबर है। धमाके की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे। यह आग संग्राम सिंह यादव के घर में लगी थी। जानकारी के मुताबिक उनकी पत्नी लगभग 11 बजे घर के बरामदे में खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक से नली में आग लग गई। आग लगते ही महिला अपनी बेटी के साथ घर से बाहर निकल गई। इस दौरान संग्राम सिंह आग बुझाने का प्रयत्न करने लगा। इसी दौरान तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। घटना की जानकारी लगने के बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी। चंदेरी से फायर ब्रिगेड पहुंची, तब तक आग पर ग्रामीणों ने काबू पा लिया। इसके बाद सुलगती हुई आग को बुझाई। गौरतलब है कि जिस घर में आग लगी थी, वह पत्थरों का दो मंजिला इमारत है।

# विद्युत विभाग के लाइनमैन ने काट दी बिजली, कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरने पर बैठे ग्रामीण

## विधायक ने विभाग के अधिकारियों से कहा- शीघ्र जोड़ी जाए गांव की बिजली

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)** अशोकनगर क्षेत्र के ग्राम बेरखेडी तूमैन में लाइनमैन द्वारा लाइट काटने से परेशान ग्रामीण सोमवार को क्षेत्रीय विधायक के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट पहुंचकर ग्रामीणों ने लाइट की समस्या को लेकर धरना दिया। विधायक हरीबाबू राय ने बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर शीघ्र ही गांव की बिजली जोड़ने के निर्देश दिए। ग्रामीणों का आरोप था कि बेरखेड़ी तूमैन गांव में लाइनमैन द्वारा मनमानी की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा दो बार पैसे एकत्रित कर लाइनमैन को जमा करने दिए लेकिन लाइनमैन द्वारा न तो रसीद दी गई और लाइट भी काट दी गई।



बेरखेड़ी तूमैन के ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामवासियों ने मिलकर अप्रैल में 70 हजार रुपए एवं 4 महीने के बाद 90 हजार रुपए इकट्ठे करके दिए लाइनमैन को दिए हैं। लाइनमैन द्वारा इस राशि की कोई रसीद भी नहीं दी गई। ग्रामीणों द्वारा लाइनमैन को फोन लगाकर बिल या रसीद मांगी जाती है तो वह मना कर देता है। बिल जमा नहीं होने के चलते विभाग ने गांव की लाइट भी काट दी जिससे ग्रामीण अंधेरे में जिंदगी गुजर बसर करने को मजबूर हैं। इसी बात से परेशान होकर सोमवार को बेरखेड़ी तूमैन के लोग अशोकनगर विधायक हरिबाबू राय के साथ अशोकनगर पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। विधायक ने तत्काल ही विद्युत अधिकारीयों को फोन लगाकर मौके पर बुलाया और उनकी लाइट की समस्या का निराकरण करवाया। ग्रामीणों ने धरना देने के बाद एक ज्ञापन भी कलेक्ट्रेट में सौंपा।

# अंतर्राष्ट्रीय फैशन प्रतियोगिता विजेता विनीत शर्मा का कलेक्टर ने किया सम्मान

## फैशन एवं मॉडलिंग से जुड़ी मिस्टर यूनिवर्स प्रतियोगिता अपने नाम कर भारत का नाम रोशन किया

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** पेरू में आयोजित मिस्टर यूनिवर्स प्रतियोगिता जीतने के बाद अशोकनगर शहर के निवासी विनीत शर्मा का कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा सम्मान किया गया। सोमवार को स्थानीय कलेक्ट्रेट परिसर में उन्होंने विनीत शर्मा की इस कामयाबी के लिए बधाई दी एवं उनके सुनहरे भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन,अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, जिला पंचायत एसीइओ एन.एस.नरवरिया, डिप्टी कलेक्टर इसरार खांन,समस्त एसडीएम,सीईओ जनपद पंचायत,सीएमओं एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।



उल्लेखनीय है कि अशोकनगर के रहने बाले विनीत शर्मा ने पेरू में आयोजित मिस्टर यूनिवर्स प्रतियोगिता जीत कर दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। विनीत शर्मा रूबरू मि. इण्डिया चुने जाने के बाद बीते सप्ताह, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए गए थे। विनीत मिस्टर इंडिया बनने वाले भी मध्यप्रदेश के पहले युवा थे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रतियोगिता को जीतकर मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता का प्रमुख टाइटल अपने नाम कर भारत के झंडे को दुनिया भर में बड़ी शान से फहराया हैं। विनीत ने इस प्रतियोगिता के तीन टाइटलो में से दो अपने नाम किये है। विनीत को इस प्रतियोगिता में मिस्टर मॉडल यूनिवर्स एवं श्री पेसिफिक यूनिवर्स का खिताब मिला है। इस प्रतियोगिता में 17 देशो के प्रतिभागी भाग लिया। पिछले 2 वर्ष से विनीत इस प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। फिलहाल विनीत इंदौर में रहकर, फैशन एवं मॉडलिंग का काम कर रहे हैं।

## चंदेरी, मुंगावली के बाद अब ईसागढ़ में भी डायरिया का प्रकोप....

# आदिवासी बस्ती में उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद ग्रामीण पहुंचे अस्पताल

### कदवाया इलाके के ग्राम बख्तर का मामला, मौके पर पहुंचा प्रशासन

अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)। जिले में डायरिया का प्रकोप जारी है। चंदेरी एवं मुंगावली में दूषित पानी पीने से ग्रामीणों के बीमार होने के बाद अब ईसागढ़ विकासखंड के कदवाया इलाके में डायरिया के चलते लगभग ढाई दर्जन मरीज अस्पताल पहुंच गए।

ईसागढ़ के बख्तर गांव में सोमवार को ढाई दर्जन बच्चे, महिलऐं व ग्रामीण उल्टी दस्त से ग्रसित हो गए। सूचना पर प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद प्रशासन की टीम ने गांव पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।



### मौके पर पहुंचे एसडीएम और सीएमएचओ-

कदवाया इलाके के ग्राम बख्तर में आदिवासियों की बस्ती में एक साथ लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। उल्टी एवं दस्त से बच्चों,महिलाओं सहित कुल 30 लोग प्रभावित हैं। मामले की जानकारी लगते ही सोमवार को सुबह एसडीएम, सीएमएचओ, तहसीलदार सहित स्वास्थ्य विभाग की एक टीम बख्तर गांव पहुंची और प्रभावित रोगियों की जानकारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उल्टी-दस्त से पीड़ित सभी लोगों की जांच-पड़ताल कर उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। इस दौरान तीन बच्चों को ईसागढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं 20 प्रभावितों को इलाज के लिए कदवाया अस्पताल भेजा गया। बाकी सामान्य मरीजों का गांव में ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा इलाज किया जा रहा है। प्रभावितों में बच्चों की संख्या सर्वाधिक बताई जा रही है।

# प्रशासनिक अमले ने बालिका छात्रावास का किया औचक निरीक्षण



**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** पिपरई में संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास में रविवार को नायब तहसीलदार अनीश धाकड़, नगर परिषद सीएमओ सहित डॉक्टरों की एक टीम औचक निरीक्षण करने पहुंची। उन्होंने छात्रावास की बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण में छात्रावास में रहने वाली सभी 50 बालिकाएं स्वस्थ्य दिखाई दीं। इस दौरान अधिकारियों ने बालिकाओं से छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं एवं कमियों के बारे में बात की।

निरीक्षण में प्रशासनिक अमले ने पानी की टंकी, खाना बनाने की मैस का निरीक्षण किया एवं पंचनामा बनाया। निरीक्षण करने पहुंची टीम में नायब तहसीलदार अनीश धाकड़, स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डा राम मनोहर सिंह राजपूत, नगर परिषद सीएमओ अशोक कुमार वाल्मिक, फार्मासिस्ट कर्णिता जाट कपिल यादव श्रीमति जानकी कन्नौजी अधीक्षक एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इसके पूर्व शाम को पांच बजे जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा भी निरीक्षण करने पहुंचे।

# बिजली कटौती को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने तहसील पर किया प्रदर्शन, रैली निकाली

## मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



दतिया। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती के विरोध में सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरिमोहन गुर्जर के नेतृत्व में कांग्रेस ने बाबड़ी सरकार से रैली निकाल कर तहसील कार्यालय पर हल्ला बोला। प्रदर्शन में सेंवढ़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह भी शामिल हुए। पूर्व विधायक कुमार घनश्याम सिंह के नेतृत्व मेंमुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार शिल्पा सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उल्लेख हैं कि इंदरगढ़ तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की समस्या का शीघ्र निराकरण कराने एवं राजघाट नहर में शीघ्र पानी छोडने इंदरगढ़ क्षेत्र के आस पास के ग्रामों में धान रूपाई का कार्य चल रहा है बरसात भी नहीं हो रही है। जिसके कारण खेतों में पानी नहीं भर पा रहे है। जिससे खेतों में धान किसान भाई नहीं लगा पा रहे है।

जिन किसानों ने अपने खेतों में धान की फसल लगा दी है। बिजली समय पर नहीं आने कारण खेतों में पानी नही भरने से खेतों में खड़ी धान की फसल सूख रही है। जिसके कारण किसानों की मेहनत एवं लागत का नुकसान होने की पूर्ण संभावना बनी हुई है।

इंदरगढ़ कस्बा में भी बिजली की अधिक कटौती होने से व्यापारियों को समस्या हो रही है वही पर विद्यार्थियों की भी पढ़ाई चौपट हो रही है इंदरगढ़ तहसील के आस-पास के सभी ग्रामों में ज्यादातर किसान धान की फसल करते है और यही उनका आय का मुख्य स्त्रोत है। अगर धान की फसल नहीं हो पाई तो बहुत से किसान कर्ज के बोझ तले दब जायेंगे। आज किसानों को बिजली की अति आवश्यकता है। क्योंकि इंदरगढ़ तहसील का किसान पानी के लिए ट्यूबवैल पर आश्रित है, उसके बावजूद भी जमीन के नक्शों में हेराफेरी कर गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों के जमीन पर दबंग लोगों द्वारा कब्जा किया जाकर व्यक्तियों को परेशान किया जा रहा है। किसानों की बिजली समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल किसानों कम से कम 15 घंटे बिजली दी जाये जिससें खेतों खड़ी धान की फसल को सूखने से बचाया जा सकें। इसके साथ-साथ इंदरगढ़ नगर की बेसकीमती जमीनों से दबंगों के अवैध कब्जा हटाए जाए तथा अवैध कब्जा करने वालों पर लगाम लगाई जायें। अगर उपरोक्त मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी इंदरगढ़ उग्र आंदोलन करने के मजबूर होगी।

ज्ञापन देने वालों में इन्दरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष हरिमोहन गुर्जर, शिरोमणि सिंह सोलंकी ओम पांचाल सोनू चौहान ऋषभ राजा गुर्जर जिला अध्यक्ष छैन्प, बी.के जाटव, अनार सिंह यादव पार्षद,मनीष कुशवाहा ,सानू पठान नगर अध्यक्ष ,रामेश्वर चौबे,रामकुमार पचोरी ,चुन्नीलाल दुबे,अरुण कमरिया,पंचब पांचाल,मोतीराम अहिरवार,नवनीत महंत, बंटी शाक्य,मंगल सिंह बघेल,केशव कुशवाहा, सोनू परिहार आदि सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन होटल संचालकों पर 10 लाख 10 हजार 500 रूपये का लगा अर्थदण्ड

**दतिया( चम्बल नवराष्ट्र )।** चन्द्र प्रकाश अग्रवाल होटल ब्लू स्टार सीतासागर सिविल लाईन दतिया, दीपक सचेदवा मोटल तान्या पैलेस लाला का ताल झांसी ग्वालियर हाईवे दतिया, सिद्धार्थ अग्रवाल होटल रतन रॉयल सीता सागर वायपास दतिया भवनों का निरीक्षण फायर ऑफीसर दतिया द्वारा विगत दिनों किया गया था। निरीक्षण के दौरान उक्त होटल संचालकों पर फायर एनओसी प्राप्त नहीं होना बताया गया और आज दिनांक तक फायर प्लान तैयार कर फायर अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। कलेक्टर एवं जिला दण्ड़ाधिकारी संदीप कुमार माकिन द्वारा उक्त भवनों में फायर उपकरण उपलब्ध नहीं होने से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्रानुसार होटल रतन रॉयल और होटल ब्लू स्टार प्रत्येक होटल संचालक पर 3 लाख 39 हजार 500 रूपये और मोटल तान्या पैलेस पर 3 लाख 31 हजार 500 रूपये का अर्थदण्ड़ निर्धारित करते हुए निर्देशित किया है उक्त अर्थदण्ड़ दो दिवस की अवधि में संबंधित निकाय में जमा कराये अन्यथा की स्थिति में प्रतिदिन 1 हजार रूपये का अतिरिक्त अर्थदण्ड़ से राशि में बढ़ोत्तरी होगी।

## एनजीटी की रोक का बड़ौनी क्षेत्र में नहीं हो रहा असर, कागजी साबित हुआ कलेक्टर का आदेश



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** रेत माफियाओं ने ग्राम हिडोरा में शुरु किया अवैध रेत उत्खनन, आधा सैंकड़ा रेत की ट्रॉली निकालने की सूचना। हिडोरा में चल रहा खनन, हल्का पटवारी बेखबर, आखिर किसने दी अवैध खनन की अनुमति। सूत्रों का दाबा बड़ौनी पुलिस और स्थानीय प्रशासन की साठगांठ से शुरु हुआ अवैध खनन। 3200 रुपए में चलता हैं अवैध रेत का सिस्टम कलेक्टर और एनजीटी की रोक हुई बेअसर। अधीनस्थ अधिकारियों ने कलेक्टर के आदेश को दरकिनार कर माफियाओं को दिया संरक्षण। खनिज अधिकारी रमेश पटैल व रेंजर शैलेन्द्र सिंह गुर्जर बोले जल्द करेंगे रेत माफियाओं पर कार्रवाई।

## चार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** सरपंच ग्राम पंचायत ललउआ के द्वारा विगत 20 जुलाई को आवेदन देकर अवगत कराया है कि सुमन गुप्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम ललउआ ग्राम पंचायत की ग्राम सभाओं में अधिकांशता अनुपस्थित रहती है किसी भी बैठक में शामिल नहीं होती है और न ही विभाग की कोई जानकारी उनके द्वारा बैठक में बताई जाती है। शिकायकर्ता ने बताया कि आप ग्राम ललउआ में निवास न करते हुए दतिया निवासरत है। जिसके कारण आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन भी नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है। उक्त संबंध में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास ग्रामीण - 1 ने संबंधित से तीन दिवस में अपना उत्तर प्रस्तुत करने को कहा है अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध पद से पृथककरण की कार्यवाही की जायेगी।

## उच्च शिक्षा में नवाचार गुरु-शिष्य के सामंजस्य पर निर्भर है - प्रोफेसर आर.के. गुप्ता




**दतिया।** गुरु पूर्णिमा उत्सव आयोजन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय पीजी कॉलेज' दतिया में व्याख्यान एवं परिचर्चा का आयोजन किया गयाद्य कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्रभारी प्राचार्य 'डॉ जय त्रिवेदी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं माल्यार्पण के साथ हुआद्य दूसरे दिन' वक्ता के रूप में डॉ. आर के गुप्ता पूर्व प्राध्यापक भौतिक शास्त्र, डॉ.ए.के. गुप्ता पूर्व प्राध्यापक 'अर्थशास्त्र, पूर्व प्राचार्य डाइट आनंद मोहन सक्सैना एवं जिला समन्वयक सेडमैप' शिव प्रेम दोहरे ने निर्धारित विषयों पर अपना व्याख्यान दियाद्य वक्ताओं ने प्रमुख रूप से योग और ध्यान, शिक्षा में नवाचार और आधुनिक शिक्षा प्रणाली विषय पर अपना उद्बोधन दियाद्य कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन हिंदी विषय की प्रोफेसर' डॉक्टर इला द्विवेदी द्वारा दिया गया जबकि मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम 'अधिकारी डॉ वासुदेव सिंह जादौन ने किया । इस अवसर पर महाविद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ और' छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रोफेसर आर.के.गुप्ता ने अपने उद्बोधन में बताया गुरु एवं शिष्य दोनों को शिक्षा के 'महत्व एवं अपने दायित्व को समझना होगा तभी गुरु शिष्य परंपरा' को पुनः कायम 'किया जा सकता है।

## चित्रगुप्त धाम पर 93 बांमासिक शिव अभिषेक एवं चित्र गुप्त पूजा पाठ संपन्न

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** चित्रगुप्त धाम गल्ला मंडी के पीछे हर माह में होने वाले 93 बांमासिक अभिषेक कार्यक्रम में राजेश्वरी श्रीवास्तव राजकुमार निज निवास 111/25 कुंजनपुरा निवासी दतिया के द्वारा दोपहर 10 बजे शिव अभिषेक बड़े हर्ष उल्लासपूर्ण मनाया गया इसके बाद दोपहर 12 बजे आरती,हवन इत्यादि कार्यक्रम किया गया। शाम 6ः00 से शाम 9ः00 बजे तक भंडारा सुरुचिपूर्ण संपन्न हुआ शिव अभिषेक समिति में करीबन 138 कायस्थ लोग सम्मिलित हैं। इस कार्यकम के प्रभारी डॉ राकेश खरे हैं।



उपरोक्त कार्यक्रम में चित्रगुप्त कमेटी के अध्यक्ष कपिल श्रीवास्तव, डॉ ए.के.खरे, चेतन श्रीवास्तव,नीरज पवैया,जिला मीडिया प्रभारी अशोक श्रीवास्तव नरेश श्रीवास्तव,सत्येन्द श्रीवास्तव अनूप श्रीवास्तव,बिशाल श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, देवेन्द सिलारपुरिया, महेन्द श्रीवास्तव, जगमोहन श्रीवास्तव, उदयभान श्रीवास्तव,रूपेश श्रीवास्त, रवि श्रीवास्तव,रमाशंकर श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, शैलेन्द खरे, हेमन्त श्रीवास्तव आदि बहुत से चित्रांश महिला एवं पुरुष सदस्य सम्मिलित थे।

## दिन दहाड़े बाइक की चोरी घटना सीसीटीवी में कैद, चोर बाइक लेकर हुआ गायब

**दतिया।** दतिया-झांसी रोड स्थित सीताराम वाटिका से दिन दहाड़े एक बाइक चोरी हो गई। बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहा युवक गली में लगे ब्ब्ज्ट कैमरे में कैद हो गया। वीडियो में देख रहा है कि सफेद कलर की अपाचे बाइक घर के बाहर खड़ी हुई है।

इसी दौरान ब्लैक टी-शर्ट पहने एक युवक आता है। पहले वह बाइक का लोक खोलता है। थोड़ी देर टहलता है फिर बाइक पर बैठता है। और बैक कर अपने साथ ले जाता है। पूरी घटना का वीडियो सोमवार शाम को सामने आया है। वही कोतवाली थाना प्रभारी धीरेंद्र मिश्रा का कहना है कि मामले की शिकायत लेकर कोई भी व्यक्ति थाने नही पहुंचा है। पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है।

## दहेज के लिए प्रताड़ना महिला की शिकायत पर पति समेत तीन पर मामला दर्ज




**दतिया।** जिले के गांव सिमरिया में एक 22 वर्षीय महिला ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की शिकायत की है। उनाव थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर सोमवार को पति, ससुर और एक अन्य पर मामला दर्ज किया है। महिला ने बताया की उसका विवाह करीब डेढ़ साल पहले हुआ था। उसके परिजनों ने शादी में अपनी हैसियत से ज्यादा पैसा खर्च किया था। सोने चांदी के कीमती आभूषण भी दिए थे। लेकिन इतना सब कुछ करने के बाद भी ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे। वे लगातार महिला को कम दहेज लाने के ताने मारते रहते थे। इसके अलावा मायके से ओर दहेज लाने की डिमांड करते थे। कई बार मायके पक्ष और ससुराल पक्ष में पंचायत भी हुई लेकिन कुछ हल नहीं निकला। शिकायत की जांच कर पुलिस ने आरोपी पति ब्रजेश यादव, ससुर हरिओम यादव और नंदनी यादव पर मामला दर्ज किया है। वहीं मामला दर्ज कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उज्जैन इस श्रावण मास में धूमधाम से निकली बाबा महाकाल की सवारी

**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** हर वर्ष श्रावण-भादौ मास में सोमवार को बाबा महाकाल नगर भ्रमण पर निकलते हैं। इस सोमवार शाम बाबा महाकाल ने नगर भ्रमण किया और अपनी प्रजा को आशीर्वादित किया। करीब तीन लाख भक्त सवारी मार्ग पर बाबा की एक झलक पाने को उतावले दिखे। बाबा ने मनमहेश स्वरूप में दर्शन दिए।

सोमवार दोपहर बाद महाकाल मंदिर परिसर स्थित कोटी तीर्थ के समीप सभा मण्डप में प्रदेश सरकार की ओर से केबीनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट,हितानंद शर्मा,निगम सभापति कलावती यादव,विधायक मुकेश पण्ड्या,महेश परमार ने बाबा का अभिषेक पूजन किया। शासकीय पुजारी पं.घनश्याम शर्मा ने पूजन सम्पन्न करवाया। पश्चात बाबा महाकाल की अभिषेक और आरती हुई। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।



पूजन पश्चात बाबा महाकाल का मुखारविंद पालकी में विराजित किया गया और पालकी मुख्य द्वार पर लाई गई। यहां परंपरानुसार सशस्त्र पुलिस बल ने बाबा को गॉर्ड ऑव ऑनर दिया। यहां से पुलिस बैण्ड की सुमधुर धुन पर बाबा नगर भ्रमण पर निकले। सवारी कोट मौहल्ला चौराहा, गुदरी, बक्षी बाजार,कहारवाड़ी होकर रामघाट पहुंची। बाबा की पालकी के पिछे गजराज और आगे मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के माध्यम से आए जनजातीय दल अपनी प्रस्तुति देते चल रहा था। पूरे मार्ग पर भक्तों ने गुलाब की पंखुरियों से जमकर वर्षा कर बाबा की अगवानी की।

पालकी यहां से रामघाट पहुंची। प्रदेश सरकार की ओर से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुसार केबीनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने यहां पर पालकी पूजन किया। परंपरानुसार यहां पर मां शिप्रा का अभिषेक किया गया वहीं बाबा महाकाल का मां शिप्रा के जल से अभिषेक किया गया। यहां से पालकी पुन: मंदिर के लिए रवाना हुई। रामानुजकोट,मोढ़ की धर्मशाला,खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर,ढाबा रोड,टंकी चौक, छत्रीचौक होकर गोपाल मंदिर पहुंची। यहां पर तत्कालिन सिंधिया रियासत के समय से होनेवाली बाबा की आरती एवं पूजन रियासत के प्रतिनिधि द्वारा किया गया। यहां से पटनी बाजार,गुदरी, कोट मौहल्ला चौराहा होकर पालकी पुन: मंदिर पहुंची।बाबा महाकाल की इस श्रावण मास की दूसरी सवारी अगले सोमवार को निकलेगी। बाबा महाकाल पालकी में चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में दर्शन देंगे। गजराज पर मन महेश विराजीत रहेंगे।

# उमा भारती पहुंची उज्जैन महाकाल, गर्भगृह में की बाबा महाकाल की पूजा



**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने सावन महीने के पहले सोमवार को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने गर्भगृह में बाबा महाकाल के दर्शन किए और नंदी हॉल में बैठकर भक्ति में लीन हुईं।

दर्शन के बाद उमा भारती ने कहा, मैं सभी को सावन माह की शुभकामनाएं देती हूं। मुझे खुशी है कि बाबा महाकाल की धरती का बेटा (मोहन यादव) मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बना है।

उन्होंने मंदिर प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा, यहां व्यवस्थाएं बहुत सुंदर हैं। सभी को बिना भेदभाव के शांतिपूर्वक दर्शन हो रहे हैं। उमा भारती ने देश और दुनिया के कल्याण के लिए बाबा महाकाल से प्रार्थना करने की बात भी कही। सावन हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि इसी महीने भगवान शिव ने समुद्र मंथन से निकले विष का सेवन किया था। इस दौरान भक्त उपवास रखते हैं, शिव मंत्रों का जाप करते हैं और रुद्राभिषेक जैसी प्रथाओं का पालन करते हैं। इस वर्ष सावन 22 जुलाई से शुरू होकर 19 अगस्त तक चलेगा। सोमवार को विशेष महत्व दिया जाता है और कई लोग इस दिन उपवास रखते हैं।

# विवाह समारोह में हत्या के प्रकरण में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लटेरी (चम्बल नवराष्ट्र)।** लटेरी अनुविभागीय के थाना आनंदपुर पुलिस ने एक विवाह समारोह के दौरान एक युवक की बेसबॉल का बल्ला मारकर हत्या करने वाले आरोपित सोनू उर्फ अमान सिंह मीणा उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम डोड़खेड़ा को गिरफ्तार कर लिया है यह आरोपित पिछले एक साल से फरार चल रहा था। उस पर दो हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था एसडीओपी अजय मिश्रा ने बताया कि पिछले वर्ष 16 जून को थाना क्षेत्र के ग्राम चोपना में ग्राम सियाखेड़ी थाना चांचौड़ा से बारात आई थी जिसमें सोनू का बारात में आए सीताराम मीणा से विवाद हो गया था जिस पर सोनू ने बेसबॉल से सीताराम की पिटाई कर दी थी हमले के बाद




उपचार के दौरान सीताराम की मौत हो गई थी घटना के बाद से ही सोनू फरार चल रहा था उस पर दो हजार रुपए का इनाम भी घोषित था शनिवार को पुलिस को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई की फरार आरोपित सोनू मीणा गांव में ही घूम रहा है उक्त सूचना पर थाना प्रभारी दीपक राठौर के द्वारा मय पुलिस टीम के ग्राम डोंडखेडा में दबिश दी गई एवं घेराबंदी कर फरार आरोपित सोनू मीणा को गिरफ्तार किया गया आरोपी की निशादेही में घटना में प्रयुक्त हथियार बेसबॉल के बेट को भी जप्त किया गया मिश्रा ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

# प्रेम, आनंद और कर्तव्यपरायण से रहेंगे सदैव सुखी शिक्षाविद आरपी सिंह ने दिया मंत्र

**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** तराना नगर के सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद श्री आरपी सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक कन्हैयालाल प्रजापति, राधाकिशन बोडाना, जेपी पांडे, नारायण सिंह चौहान, प्रहलाद सिंह यादव एवं प्रहलाद सिंह नायक का सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में सभी गुरुओं ने अपने संस्मरण सुनाकर विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत एवं परिश्रम के लिए प्रेरित किया। सिंह ने अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि शिक्षक वह जौहरी होता है जो हीरे की पहचान कर लेता है। माता-पिता भी अपनी संतान की छुपी प्रतिभा को नहीं पहचान पाते, लेकिन एक शिक्षक है जो छिपी प्रतिभा को पहचान कर उसको सही मार्गदर्शन प्रदान कर ऊंचाइयों पर ले जाता है। आप ने अपने संस्मरण में विद्यालय के पूर्व छात्र आईपीएस आनंद सोमानी के बारे में बताते हुये कहा कि किस प्रकार एक प्रतिभाशाली छात्र को मैंने गणित विषय की अपेक्षा कला विषय



दिलाकर आईपीएस बनने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप अपने जीवन में प्रेम, आनंद और कर्तव्य परायण रहें तो आपका जीवन निरंतर सुखी रह सकता है।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता ललित सोमानी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय सिंह चौहान ने की। सर्वप्रथम उपस्थित गुरुजनों द्वारा माता सरस्वती एवं महर्षि वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य चौहान ने सभी वरिष्ठ गुरुजनों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से गुरुजनों के श्रेष्ठ जीवन चरित्र का अनुसरण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ललित सोमानी द्वारा अपने उद्बोधन में गुरु की महिमा का वर्णन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील गाइड ने किया एवं आभार मिडल विंग के अभय कुमार नागर ने व्यक्त किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर एवं आसपास के गांवों के गणमान्य नागरिक, शिक्षक गण एवं पूर्व छात्र उपस्थित हुए तथा गुरुजनों का आशीर्वाद लिया।

# गुरु की शरण में आ जाने से समस्त संशय नष्ट हो जाते है - प्रो.बालकृष्ण शर्मा

**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर द्वितीय दिवस 22 जुलाई को विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रो.बालकृष्ण शर्मा, पूर्व कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा अनादि काल से सतत चल रही है और पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती आ रही है। इसी परंपरा के बल से भारत की आध्यात्मिक चेतना का एवं सनातन संस्कृति का संपूर्ण विश्व में प्रचार हुआ। उन्होंने महर्षि व्यास तथा गुरू





शिष्य परंपरा के विषय में विस्तार से बताते हुए गुरु को ज्ञान का प्रकाशक कहा गुरु की शरण में आ जाने से समस्त संशय नष्ट हो जाते है। सारस्वतातिथि डॉ.संतोष पंड्या पूर्व निदेशक ,कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन ने कहा कि भारतीय परंपराओं में, गुरु का पद शिक्षक से अधिक होता है। गुरु अंधकार को दूर करने वाला प्रेरणादायक आध्यात्मिक ज्ञान कराने वाले गुरु का स्थान सबमें ऊपर माना गया है।कुलसचिव प्रो.दिलीप सोनी ने गुरु पूर्णिमा को सार्वजनिक रूप से संस्थानों में मनाने हेतु राज्य सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे नई पीढ़ी पुरातन परंपराओ से परिचित होगी तथा श्रद्धा उत्पन्न होगी। साहित्य विभाग प्रमुख डॉ.तुलसी दास परोहा ने गुरुतत्व का विशद विवेचन करते हुए गुरु के प्रति सदैव श्रद्धावनत होने की बात कही। स्वागत भाषण शिक्षाशास्त्र विभाग प्रमुख एवं संयोजिका डॉ.पूजा उपाध्याय ने संचालन डॉ. विश्वामित्र राय ने तथा आभार डॉ. संतोष कांडपाल ने माना।कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी, डॉ.उपेंद्र भार्गव , डॉ.अनिल मुवेल, डॉ.अजय राठी अन्य आचार्य विद्यार्थीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश कांग्रेस जमीनी हालात की जानकारी जुटा रही



**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)।** मध्य प्रदेश में पहले विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस जमीनी हालात की जानकारी जुटाने में लग गई है। सोमवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भोपाल संभाग के पदाधिकारी सहित अन्य नेताओं की बैठक चल रही है।

पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भोपाल संभाग के जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल, सेक्टर अध्यक्षों सहित तमाम पदाधिकारी की बैठक ले रहे हैं। इस बैठक का मकसद लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार की जमीनी वजह का पता करना है। इसके लिए एक-एक पदाधिकारी से उसके क्षेत्र में कांग्रेस की क्या स्थिति है, इसको लेकर सिलसिलेवार चर्चा की जा रही है।

सूत्रों का कहना है कि इस चर्चा और संवाद के दौरान पार्टी में जमीनी स्तर पर व्याप्त गुटबाजी को भी हार की बड़ी वजह बताया जा रहा है। इतना ही नहीं चुनाव से पहले राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हुए दल-बदल ने भी पार्टी को कमजोर करने का काम किया है। यह बात कई पदाधिकारी ने बैठक में चर्चा के दौरान कही है। साथ ही आगामी समय में राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन करने पर भी कई नेताओं ने अपनी राय व्यक्त की। बैठक में आगामी समय में होने वाले विधानसभा उपचुनाव पर भी चर्चा हो रही है। भोपाल संभाग के सीहोर जिले की बुधनी सीट में भी आगामी समय में उपचुनाव संभावित है।

ज्ञात हो कि दो दिन पहले राजनीतिक मामलों की समिति की भी भोपाल में बैठक हुई थी। इस बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कई अन्य नेता भी शामिल हुए थे। इस बैठक में संगठन को और मजबूत कैसे किया जाए, इसको लेकर विचार हुआ था।

## सावन के प्रथम सोमवार शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़, अलग-अलग क्षेत्रों से निकली कावड़ यात्रा



**नागदा (चम्बल नवराष्ट्र)।** नागदा में सावन के प्रथम दिन सोमवार को शिव मंदिरों पर पूजा-अर्चना और जल चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। चम्बल तट स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर, जवाहर मार्ग स्थिति शिव मंदिर, अस्पताल मार्ग पर स्थित श्री शिव हनुमान मंदिर सहित सभी देवालयों पर श्रद्धालु दूध-जल और पुष्प शिवजी को अर्पित करते नजर आए।

पूजा-अर्चना का यह सिलसिला शाम तक जारी रहा। आज शहर से कावड़ यात्राएं भी निकाली। मुक्तेश्वर महादेव मंदिर चम्बल तट से यात्रा ग्राम भिकमपुर बूढ़ा महाकाल मंदिर जलाभिषेक करने निकली। पाल्यारोड पिपलेश्वर महादेव मंदिर से कावड़ यात्रा मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची और कावडयात्रियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

## भोपाल के श्यामला हिल्स में तोड़ा अतिक्रमण, एमपी नगर में भी हुई कार्रवाई



**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)।** भोपाल के श्यामला हिल्स इलाके में सोमवार सुबह जिला प्रशासन और नगर निगम ने छह पक्के अतिक्रमण तोड़े। इनमें मकान और दुकानें थीं। पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। ताकि, कोई हंगामा न हो। इधर, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कार्रवाई को गलत बताया। वहीं, तोड़े गए मकान-दुकानों के लिए मुआवजा देने की मांग की। इधर, एमपी नगर में भी कार्रवाई की गई। यहां भी सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण था। महापौर मालती राय के निर्देश पर कार्रवाई हुई।

श्यामला हिल्स स्थित जहांनुमा होटल के सामने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण था। जिसे हटाने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी की मदद से पक्के अतिक्रमण तोड़ दिए गए। कार्रवाई का कांग्रेस के वार्ड-24 अध्यक्ष शोएब खान ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया। खान ने बताया कि इन मकानों को नगर निगम और जिला प्रशासन ने बिना नोटिस दिए ही तोड़ दिया। पूर्व मंत्री शर्मा ने मोबाइल पर अधिकारियों से बात करके कार्रवाई को रुकवाया। हालांकि, तब तक ज्यादातर मकान-दुकानें तोड़ दी गई थी। उन्होंने मुआवजे की मांग उठाई है। इस जगह पर परिवार पिछले 70 साल से रह रहे थे।

## श्री मनकामेश्वर खेड़ापति हनुमान धाम जूनागढ़ कटकोड़ा में गुरु पूर्णिमा पर आशीर्वाद प्राप्त किया



**रोहित चौहान**

**देपालपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** देपालपुर के ग्राम कटकोदा में श्री मनकामेश्वर खेड़ापति हनुमान धाम जूनागढ़ में महामंडलेश्वर भगवान दास जी महाराज के सानिध्य में परम पुज्य गुरु प्रीया के मुखारबिंद से सात दिवसीय भक्तीमय भागवत कथा में राधेश्याम पटेल ने पहुंचकर पुजा-पाठ कीया और गुरु प्रिया जी से आशीर्वाद प्राप्त कीया एवं मंच से सभी भक्तजनों,माताओं एवं बहनों का अभीवादन कीया और कथा एवं भंडारे के आयोजक सोहन पटेल बैगमखेडी को बहुत - बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी और राधेश्याम पटेल ने ये भी कहा की इसी तरह के धार्मिक आयोजनों से सभी वर्ग की धार्मिक आस्था बड़ेगी

## मध्य प्रदेश के मंत्री नागर सिंह वन एवं पर्यावरण विभाग हटाए जाने से नाराज, ले सकते हैं बड़ा फैंसला



**भोपाल(चम्बल नवराष्ट्र)।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए और मंत्री बनाए गए रामनिवास रावत को वन एवं पर्यावरण विभाग दिए जाने से मंत्री नागर सिंह चौहान नाराज हैं। अब तक यह विभाग नागर सिंह चौहान के पास था।वर्तमान में वे सिर्फ अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के मंत्री रह गए हैं।

राज्य में हाल ही में हुए मंत्रिमंडल विस्तार में रामनिवास रावत को कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई गई थी और रविवार को उन्हें वन एवं पर्यावरण विभाग आवंटित किया गया। नागर सिंह चौहान के पास वन पर्यावरण के अलावा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग था। अब वह सिर्फ एक विभाग के मंत्री रह गए हैं।

वन एवं पर्यावरण विभाग लेकर रामनिवास रावत को दिए जाने से नागर सिंह चौहान नाराज हैं।

कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए अपनी नाराजगी साफ जाहिर की और कहा कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता की बजाय कांग्रेस छोड़कर आए नेता को यह जिम्मेदारी दी गई है। वे अनुसूचित जनजाति वर्ग से आते हैं और उनके पास जो विभाग रह गया है वह अनुसूचित जाति वर्ग का है। वे इस फैसले से काफी आहत हैं क्योंकि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उनसे इस मसले पर कोई चर्चा नहीं की। हम आपको बता दें कि नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता सिंह चौहान रतलाम झाबुआ संसदीय क्षेत्र से भाजपा की सांसद हैं। मंत्री चौहान का कहना है कि वह आने वाले समय में अपने करीबियों से चर्चा करने के बाद कोई बड़ा फैसला भी ले सकते हैं।

## जल निकासी की व्यवस्थाएं क्रियान्वित करें-कलेक्टर श्री वैद्य




**विदिशा (चम्बल नवराष्ट्र)।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सोमवार को विदिशा शहर क्षेत्र में वर्षारूपी भराव जल की निकासी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उन्होंने जल भराव क्षेत्र मेडीकल कॉलेज के बाजू से कलेक्टेऊट पहुंच मार्ग तथा स्टेडियम से मेडिकल तिराहा पहुंच मार्ग के मध्य स्थित शासकीय अग्रणी कन्या महाविद्यालय, बीज निगम, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्षेत्र का जायजा लिया और जल निकासी के लिए किए जाने वाले प्रबंधो के संबंध में विभागो के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों को स्कूल तक पहुंचने के मार्ग में दिक्कते आ रही है तो वैकल्पिक मार्ग कॉलेज अथवा छात्रावास के रास्ते से बनाया जाए। उन्होंने जल निकासी के लिए ठोस कदम उठाने, साफ सफाई कराने सहित अन्य बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।कलेक्टर श्री वैद्य ने सीएमएचओ कार्यालय व समीपवर्ती कॉलोनियों का भी भ्रमण कर जल भराव क्षेत्रों का जायजा लेते हुए संबंधितों को निर्देशित किया है कि जल निकासी के प्रबंध किए जाएं ताकि दुबारा वर्षारूपी जल का ठहराव ना हो सकें। इस दौरान कालोनी के रहवासियों द्वारा मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। निरीक्षण भ्रमण के दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर विनीत तिवारी, एसडीएम क्षितिज शर्मा, तहसीलदार डॉ अमित सिंह के अलावा रेल्वे, लोक निर्माण, नगरपालिका सहित अन्य विभागो के अधिकारी व कर्मचारी साथ मौजूद रहें।

## चार माह से वेतन नहीं मिलने से आक्रोशित ठेका सफाईकर्मी पहुंचे नगरपालिका, जताई नाराजगी



**नागदा (चम्बल नवराष्ट्र)।** चार माह से वेतन नहीं मिलने से आक्रोशित ठेका सफाईकर्मी नगरपालिका पहुंचे। यहां उन्होंने सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत से मिलकर वेतन नहीं मिलने की शिकायत की। गेहलोत ने ठेकेदार को फोन कर सफाईकर्मियों को वेतन देने को कहा।

दरअसल छह माह पूर्व प्रथम नेशनल सिक्योरिटि इंदौर ने नागदा में सफाईकर्मियों को उपलब्ध कराने का टेंडर लिया था। 10 जनवरी को टेंडर होने से दो माह तक तो सफाईकर्मियों को वेतन दिया गया। उसके बाद यह कह कर वेतन नहीं दिया कि नगरपालिका से भुगतान होने पर ही दिया जाएगा। नगरपालिका से भुगतान नहीं होने पर जुलाई से ठेकेदार ने काम भी बंद कर दिया।मामले में प्रथम नेशनल सिक्योरिटी इंदौर के मैनेजर तहसीन राजा ने बताया कि हमारे द्वारा वर्कऑर्डर के बाद 10 जनवरी से सफाईकर्मियों को रखा गया। फरवरी माह तक हमने सभी को वेतन दिया। नगरपालिका में हमारे द्वारा हर माह बिल लगाया गया।

परंतु अभी 6 माह बीत जाने के बाद भी एक भी बिल का पैसा हमें नहीं मिला। दो माह का बिल भी अपने पास से किया है। एक भी माह का भुगतान नगरपालिका कर दे तो हम कर्मचारियों का भुगतान कर दें। सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत ने बताया कि ठेकेदार से बात हो गई है। अभी वो बाहर है, आकर भुगतान करने का बोला है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादक: विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।)